# ALSTOM T&D India Limited

(CIN:L31102DL1957PLC193993)
Regd. Off.:A-18, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase II, New Delhi – 110020
Tel. No. 91 11 41610660 Fax No. 91 11 41610659
Website : www.alstom.com/india

## NOTICE

NOTICE is hereby given that the 59th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Thursday, July 23, 2015 at 9:30 A.M. at the Air Force Auditorium, Subroto Park, New Delhi – 110 010 to transact such Ordinary and Special business as set out in the Notice convening the AGM.

Electronic copy of Notice of 59th AGM and instructions for remote e-voting, along with Attendance Slip and Proxy Form and Annual Report 2014-15, have been sent to all the members whose email IDs are registered with the Company/ Depository participant(s) for communication purposes unless any member has requested for a hard copy of the same. For members who have not registered their email address, physical copies of the above documents have been sent at their registered address in the permitted mode. The dispatch of Notice of AGM has been completed on June 29, 2015.

As per Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended by the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015 and clause 35B of the Listing Agreement with Stock Exchanges, the Company is pleased to provide its Members the facility to exercise their vote on all resolutions proposed to be considered at the AGM by electronic means. The facility of casting the votes by the members using an electronic voting system from a place other than venue of AGM ("remote e-Voting") will be provided by National Securities Depository Limited (NSDL).

The details pursuant to the provisions the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the said Rules as amended, are given here under:

1. The Ordinary and the Special Business as set out in the Notice of AGM may be transacted through voting by electronic means.
2. Date and time of commencement of voting through electronic means: July 20, 2015 at 9:00 a.m. (IST)
3. Date and time of end of voting through electronic means: July 22, 2015 at 5:00 p.m. (IST)
4. Voting through electronic means shall not be allowed beyond 5:00 p.m (IST) on July 22, 2015
5. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is July 16, 2015
6. Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut-off date i.e. July 16, 2015 may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or to Mr. Kuntal Mustafi, M/s C B Management Services Pvt. Ltd. (RTA), P-22, Bondel Road, Kolkata - 700 019, Tel. No. (033) 4011-6729, e-mail: mustafik@cbmsl.com. However, if you are already registered with NSDL for remote e-voting then you can use your existing User ID and password for casting your vote.
7. The facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through ballot paper.
8. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.
9. A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only i.e. on July 16, 2015 shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or voting at the AGM through ballot paper.
10. The Notice of AGM is displayed on the Investor Relation section of the Company on www.alstom.com/india and also on the NSDL's website https://www.evoting.nsdl.com
11. In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and remote e-voting user manual for Members available at the downloads section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800-222-990. You may also send your queries/ grievances relating to e-voting to Mr. Kuntal Mustafi, Manager, M/s C B Management Services Pvt. Ltd., P-22, Bondel Road, Kolkata – 700 019, e-mail: mustafik@cbmsl.com, Tel No. (033) 4011-6729.

The Registers of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Friday, July 17, 2015 to Thursday, July 23, 2015 (both days inclusive) for the purpose of payment of dividend for the financial year ended March 31, 2015 and the AGM.

By Order of the Board

New Delhi
June 29, 2015

Manoj Prasad Singh
Company Secretary

# एलस्टॉम टी एंड डी इंडिया लिमिटेड

(सीआईएनः L31102DL1957PLC193993)
पंजीकृत कार्यालयः ए – 18, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–II, नई दिल्ली – 110020
टेलीफोन नं.: +91-11- 41610660, फैक्स नं.: +91-11-41610659
वेबसाइटः www.alstom.com/india

## सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 59वीं वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 23 जुलाई 2015 को प्रातः 9.00 बजे एअर फोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली – 110010 में उन साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु होगी जो एजीएम के अयोजन की सूचना में निहित हैं।

59वीं एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति एवं रिमोट ई–वोटिंग हेतु निर्देश के साथ उपस्थिति पर्ची, प्रॉक्सी फॉर्म तथा वर्ष 2014–15 की वार्षिक रिपोर्ट उन सभी सदस्यों, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपोजि़टरी पार्टिसिपैंट (ओं) के साथ पत्र व्यवहार हेतु पंजीकृत है, को प्रेषित की जा चुकी हैं अन्यथा किसी सदस्य ने उक्त की भौतिक प्रति हेतु अनुरोध न किया हो। वे सदस्य जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है उन्हें उक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रति उनके पंजीकृत पते पर स्वीकृत माध्यम द्वारा भेजी जा चुकी हैं। एजीएम की सूचना का प्रेषण 29 जून 2015 को पूर्ण कर लिया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबन्धन एवं संचालन) नियम 2014 जैसा कि कम्पनी (प्रबन्धन एवं संचालन) संशोधन नियम, 2015 द्वारा संशोधित है एवं स्टॉफ एक्सचेन्जों के साथ किए गए सूचीबद्ध अनुबन्ध के क्लॉज 35 बी के अनुसार कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम में विचार किए जाने वाले सभी प्रस्तावित संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने की सुविधा सहर्ष प्रदान कर रही है। एजीएम स्थल से दूर अन्य किसी स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (रिमोट–ई–वोटिंग) का प्रयोग कर, सदस्यों को मतदान की सुविधा नेशनल सिक्यूरिटिज़ डिपोजि़टरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं कथित संशोधित नियम के नियम 20 के अनुपालन में विवरण निम्न प्रकार हैः

1. एजीएम की सूचना में निहित साधारण तथा विशेष व्यवसायों का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा किया जा सकता है।
2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के आरम्भ होने हेतु तिथि एवं समयः
   20 जुलाई 2015 9:00 बजे प्रातः (भारतीय मानक समय)
3. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की समाप्ति हेतु तिथि एवं समयः
   22 जुलाई 2015 5 :00 बजे सायं (भारतीय मानक समय)
4. 22 जुलाई 2015 को 5:00 बजे सायं (भारतीय मानक समय) के पश्चात् इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा अथवा एजीएम में मतदान करने की योग्यता के निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि 16 जुलाई 2015
6. यदि कोई व्यक्ति कम्पनी के शेयर का अधिग्रहण सूचना के प्रेषण के पश्चात् करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात् 16 जुलाई 2015 को अंशधारण होता है तो वह evoting@nsdl.co.in अथवा श्री कुंतल मुस्तफ़ी, मेसर्स सी बी मैनेजमेन्ट सर्विसेज़ प्रा. लि. (आरटीए), पी–22, बोन्डेल रोड, कोलकाता–700019, टेली. नं. (033) 40116729, ई–मेलः mustafik@cbmsl.com को अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि आप एनएसडीएल के साथ ई–वोटिंग हेतु पहले से पंजीकृत हैं तो आप अपने विद्यमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर मतदान कर सकते हैं।
7. डाक मत–पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं वे उपस्थित सदस्य जिन्होंने अपना मतदान रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से नहीं किया हो, डाक मत–पत्र द्वारा बैठक में अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।
8. वे सदस्य जिन्होंने एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर लिया हो, वे एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु उन्हे पुनः मतदान का अधिकार नहीं होगा।
9. वे व्यक्ति जिनका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात् 16 जुलाई 2015 को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपोजि़टरी (ओं) द्वारा अनुरक्षित लाभ–भोगी स्वामियों के रजिस्टर में अभिलिखित होगा वे रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा अथवा एजीएम में डाक मत–पत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु योग्य होंगे।
10. एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.alstom.com/india के 'इन्वेस्टर रिलेशन' अनुभाग में तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित है।
11. किसी भी प्रश्न के सम्बन्ध में आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में सदस्यों हेतु Frequently Asked Questions (FAQs) तथा सदस्यों हेतु ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका को संदर्भित कर सकते हैं अथवा टॉल फ्री नं. 1800–222–990 पर फोन कर सकते हैं। ई–वोटिंग से संबंधित अपने प्रश्न/शिकायत आप श्री कुंतल मुस्तफ़ी, प्रबंधक, मेसर्स सी बी मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा. लि., पी–22, बोन्डेल रोड, कोलकाता–700019, ई–मेल mustafik@cbmsl.com, टेली नं. – (033) 40116729 को भी भेज सकते हैं।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु लाभांश की अदायगी तथा एजीएम के उद्देश्य से शुक्रवार, 17 जुलाई 2015 से बृहस्पतिवार, 23 जुलाई 2015 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बन्द रहेंगे।

मंडल के ओदशानुसार

नई दिल्ली
29 जून 2015

मनोज प्रसाद सिंह
कम्पनी सचिव